# अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 28 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण-चतुर्दशी
विक्रम संवत-2081

PAGE NO. 07, TOP


# हैकाथॉन 3.0 में पहुंची चार राज्यों के 157 प्रतिभागियों की 43 टीमें

## सुरक्षित दुनिया के लिए स्मार्ट सॉल्यूशन की रखी गई थीम, प्रतिभागियों ने बनाए प्रोटोटाइप

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 का बृहस्पतिवार को शुभारंभ हुआ। इसमें मध्य प्रदेश और तमिलनाडु के 15-15 प्रतिभागी (चार-चार टीमें), तेलंगाना के छह प्रतिभागी (दो टीमें) और उत्तर प्रदेश के 35 प्रतिभागी (10 टीमें) समेत चार राज्यों के 157 प्रतिभागियों की 43 टीमों ने प्रतिभाग किया।




एसआरएमएस सीईटी में आयोजित तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 में शामिल अतिथि व अन्य। स्रोत : संस्थान

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने हैकाथॉन 3.0 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को लगातार सीखने और अपडेट होने के अवसर मिलते हैं और प्रतिभा में निखार आता है।

कार्यक्रम डायरेक्टर डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने कहा कि इन प्रतिभागियों ने अपने तकनीकी व समस्या-समाधान कौशल से प्रौद्योगिकी का उपयोग कर "सुरक्षित दुनिया के लिए स्मार्ट सॉल्यूशन" थीम पर अपने प्रस्तावित समाधानों के लिए प्रोटोटाइप और मॉडल पर काम शुरू कर दिया है।

तीन दिन गहनता से काम करने बाद सभी हैकाथान 3.0 के अंतिम दिन शनिवार को शिक्षाविदों और नवप्रवर्तकों सहित निर्णायकों के पैनल के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। विजेता का चुनाव कर एक लाख रुपये तक का नकद पुरस्कार हासिल करने का मौका मिलेगा। पहले सत्र में काशीपुर में श्रीबंसी गोधाम के संस्थापक व युवा उद्यमी नीरज चौधरी ने अपने स्टार्टअप के अनुभवों को साझा किया और प्रतिभागियों को इंटरप्रिन्योरशिप पर व्याख्यान दिया। इस दौरान ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, सीईटीआर के डीन डॉ. शैलेश सक्सेना, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, सीईटी के वाइस प्रिंसिपल डॉ. शैलेंद्र देवा, डायरेक्टर टीडीपी सेल डॉ. अनुज कुमार, डॉ. एलएस मौर्य मौजूद रहे।


अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 28 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण-चतुर्दशी
विक्रम संवत-2081



PAGE NO. 02 MIDDLE


■ **हैकाथॉन 3.0 :** एसआरएमएस सीईटी में तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 सुबह 11 बजे से।